कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ.प्र.
संख्या– 13/1/ई–5/2020–21
प्रयागराज–दिनांक ०1 मार्च, 2021

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–ए–2/ई–1/2019 दिनांक 16.10.2019 द्वारा विज्ञापित सहायक वन संरक्षक (A.C.F.) एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी (R.F.O.) सेवा (मुख्य) परीक्षा–2019 का परिणाम विज्ञप्ति सं.–710/16/सी–5/2020–21 दिनांक 24.02.2021 द्वारा घोषित किया जा चुका है। प्रश्नगत परीक्षा में साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त पद का साक्षात्कार दिनांक 8, 9 एवं 10 मार्च, 2021 को निम्नवत् निर्धारित किया गया है।

**साक्षात्कार–कार्यक्रम**

| क्रम सं. | दिनांक | पूर्वाह्न 10.00 बजे से अनुक्रमांक (कहाँ से कहाँ तक) | अपराह्न 2.00 बजे से अनुक्रमांक (कहाँ से कहाँ तक) |
|---|---|---|---|
| 1– | 08.03.2021 | 000295 से 109939 तक | 111309 से 155912 तक |
| 2– | 09.03.2021 | 176386 से 310127 तक | 310967 से 389566 तक |
| 3– | 10.03.2021 | 395893 से 469320 तक | 477245 से 540198 तक |

साक्षात्कार ज्ञाप तथा अन्य प्रपत्र आयोग के वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण साक्षात्कार ज्ञाप के साथ आवेदन–पत्र, देशनापत्रक, प्रमाणीकरण प्रपत्र एवं अंक तालिका के साथ विभिन्न परीक्षाओं (हाईस्कूल से लेकर आगे तक) से सम्बन्धित अंक पत्रों/प्रमाण–पत्रों की मूल एवं स्वप्रमाणित प्रतियाँ तथा राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित दो फोटो तथा तीन अप्रमाणित फोटो अवश्य लायें। साक्षात्कार के समय शैक्षिक/अनुभव सम्बन्धी अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ भी अपने साथ अवश्य लायें।

2– उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की मूल एवं छाया प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:–

(क) **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष अर्हता का प्रमाण प्रत्र तथा प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाएं ।**

(ख) **उ0 प्र0 की महिला अभ्यर्थी को पिता पक्ष से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र।**

(ग) **उ0 प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप पर जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।**

(घ) **केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति।**

उपर्युक्त प्रमाण पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

3– अभ्यर्थी अपने साक्षात्कार ज्ञाप एवं अन्य प्रपत्र जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड/मुद्रित करके तथा उन्हें पूर्णतः भरकर समस्त संलग्नकों सहित साक्षात्कार हेतु नियत उक्त तिथि को निर्धारित समय से 1 घन्टा पूर्व आयोग कार्यालय के यमुना भवन (भूमि तल) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4–अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कोविड–19 के दृष्टिगत आयोग द्वारा संलग्न निर्देशों का भली–भाँति अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(जगदीश)
सचिव।